पंजाब केसरी २६/०७/२०२४

लक्ष्य प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करें विद्यार्थी : डा. रोहित दत्त

ओरिएंटशन कार्यक्रम में प्राचार्य ने किया नए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन

अम्बाला, 25 जुलाई (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में नया प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने नए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें कालेज के नियमों, शैक्षिक गतिविधियों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

डा. रोहित दत्त ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए और कठिनाइयों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उनका उद्देश्य छात्रों को अच्छे नागरिक बनाना है, जो समाज में योगदान कर सकें। उनके कालेज में शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तिगत विकास पर भी ध्यान दिया जाता है। उन्होंने छात्रों से अनुशासन और मेहनत के साथ पढ़ाई करने का आग्रह किया।

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटशन कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त एवं (नीचे) उपस्थिति। (देवदत्त)

ओरिएंटशन कार्यक्रम में कालेज के विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने भी छात्रों को सम्बोधित करते हुए उन्हें अपने-अपने विभागों के बारे में जानकारी दी। विभिन्न विभाग अध्यक्षों ने अपने-अपने विभागों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उनके विभाग में क्या सुविधाएं हैं और कैसे छात्र भविष्य में सफलता के उच्च शिखर को प्राप्त कर सकते हैं।

इसके पश्चात महाविद्यालय की विभिन्न सैल एन.एस.एस., एन.सी.सी., रैड रिबन, वूमेन सैल, मैन्टर-मैंटी व कल्चरल के इंचार्ज ने अपनी सैल के बारे में विस्तार से विद्यार्थियों को बताया एवं भविष्य में इनकी संभावनाओं पर प्रकाश डाला। नई एजुकेशन पॉलिसी के बारे में डा. के.के. पूनिया ने विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया इसके बाद डा. सुरेंद्र कुंडू ने परीक्षा पद्धति के बारे में विस्तार से चर्चा की। परीक्षा नियंत्रक ने परीक्षा से सम्बन्धित प्रक्रिया के बारे में विद्यार्थियों को बताया।

आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस विभाग के सभी विद्यार्थियों को डा. एस.के. पांडे, श्रीराममूर्ति और डा. एस.एस. नैन ने अपने-अपने विभागों के बारे में बताया और सभी प्राध्यापकों से उनका परिचय करवाया। इसके बाद एक कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें एल.पी. भट्ट ने विद्यार्थियों को कारोबारी बनने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मंच संचालन डा. अमित ने किया और यह कार्यक्रम डा. उपेंद्र कौर की देखरेख में संपन्न हुआ।